77 वां गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुकामनाएं

दैनिक डिजिटल अखबार

# पोलिट लाइव

झारखण्ड-बंगाल
बिहार संस्करण

+ वेब चैनल
+ यूट्यूब न्यूज
+ 1 लाख लोग

2 मार्च 2026,सोमवार अंक 242

सफलता पूर्वक
साल 6

A TRUSTED BRAND
CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL
CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)
ADMISSION OPEN
SESSION 2026 - 2027
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015
NURSERY TO STD. 9 & 11
SCIENCE
COMMERCE & ARTS
9470585217, 9934319186| BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# बाबाधाम में बनेगा ब्रह्मोस मिसाइल प्लांट, रक्षा मंत्रालय ने दी सैद्धांतिक मंजूरी, खुलेंगे रोजगार के नए अवसर

**देवघर (एजेंसी):** झारखंड के देवघर में केंद्र सरकार ने बाबाधाम की धरती पर ब्रह्मोस मिसाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इस फैसले से राज्य में रक्षा उत्पादन क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है। सांसद निशिकांत दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने 13 जनवरी को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर देवघर में ब्रह्मोस यूनिट स्थापित करने की मांग की थी। इसके बाद रक्षा मंत्रालय की ओर से सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। देवघर के मोहनपुर प्रखंड के तिलौना क्षेत्र में लगभग 300 एकड़ सरकारी जमीन पहले से ही चिन्हित की जा चुकी है। बताया जा रहा है कि यह जमीन करीब आठ वर्ष पूर्व आरक्षित की गई थी।

विशेषज्ञों का मानना है कि ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट स्थापित होने से देवघर, केवल झारखंड ही नहीं बल्कि पूर्वी भारत का महत्वपूर्ण रक्षा उत्पादन केंद्र बन सकता है। इससे राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा व मिलेगा। इस परियोजना के शुरू ग होने से स्थानीय युवाओं के लिए य तकनीकी प्रशिक्षण और कुशल रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ क ही ऑटो पार्ट्स, प्रिसिजन स इंजीनियरिंग, लॉजिस्टिक्स और ज अन्य सहायक उद्योगों का भी ब विकास होगा, जिससे क्षेत्रीय औद्योगिक इकोसिस्टम मजबूत द होगा। आत्मनिर्भर भारत अभियान च के तहत यह कदम रक्षा क्षेत्र में ग स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में अहम माना जा रहा ग है। ब्रह्मोस मिसाइल की हालिया ने सफलताओं के बाद इसकी मांग में लगातार वृद्धि देखी जा रही है।




## कोडरमा में तालाब में डूबने से 3 बच्चों की मौत, गांव में पसरा मातम



**कोडरमा :** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसमाडीह गांव में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया. तालाब में डूबने से दो किशोरों और एक किशोरी की मौत हो गई. घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है.मृतकों में प्रदीप शर्मा का 10 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार, मुकेश शर्मा का 5 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार तथा रणधीर यादव की 11 वर्षीय पुत्री संध्या कुमारी शामिल हैं.

# परिवर्तन यात्रा में ममता सरकार पर बरसी केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, लगाए कई गंभीर आरोप

**आसनसोल:** आसनसोल के कुलटी विधानसभा क्षेत्र के चिनाकुड़ी इलाके में रविवार को भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन सभा में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शिरकत की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी स-रकार पर तीखा हमला बोला और राज्य में परिवर्तन लाने का दावा किया।

सभा में उमड़ी भीड़ का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुलटी विधानसभा में जिस प्रकार जनसैलाब उमड़ा है, वह इस बात




का संकेत है कि बंगाल की जनता इस बार परिवर्तन चाहती है और भारी मतों से भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है।

अन्नपूर्णा देवी ने आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन बढ़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए विक‍ास कार्यों के लिए धन का दुरुपयोग किया जा रहा है तथा कई केंद्रीय योजनाओं के नाम बदलकर उन्हें प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही कुछ लाभकारी योजनाओं को राज्य में लागू नहीं होने दिया जा रहा, जिससे जनता वंचित रह रही है। उन्होंने राज्य के युवाओं की स्थिति पर भी चिंता जताई। उनके अनुसार, युवाओं को रोजगार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है और ह्लप्रतिभा के बजाय पैसे के आधार पर नौकरी दिए जानेह्व के आरोप भी उन्होंने लगाए। मंत्री ने कहा कि इससे जनता का राज्य सरकार से विश्वास उठता जा रहा है। सभा में उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर गंभीर नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि बंगाल की जनता अब इस स्थिति को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है और आने वाले चुनाव में बदलाव निश्चित है। कार्यक्रम में भाजपा के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभा के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन के समर्थन में नारे भी लगाए।

## पश्चिम बंगाल में एसआईआर में कटे 61 लाख नाम, 8 फीसदी की गिरावट

### पहले मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ थी, जो अब घटकर 7.04 करोड़ रह गई

**कोलकाता (एजेंसी ):** पश्चिम बंगाल में पिछले चार महीनों से जारी एसआा-ईआर की प्रक्रिया शनिवार को खत्म हो गई। चुनाव आयोग द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची में राज्य के चुनावी परिदृश्य की एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। इस बार मतदाता सूची में ८ फीसदी यानी करीब ६१ लाख की शुद्ध गिरावट दर्ज की गई है, जबकि अन्य ६० लाख मतदाताओं के नाम जांच के घेरे में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक बंगाल की नई मतदाता सूची में ७.०४ करोड़ मतदाताओं के नाम हैं। अक्टूबर में जब



प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब मतदाताओं की संख्या ७.६६ करोड़ थी, जो अब घटकर ७.०४ करोड़ रह गई है।चुनाव आयोग के मुताबिक सबसे ज्यादा पुरुष मतदाताओं की संख्या ३,६०,२२,६४२ है। इसके बाद महिला मतदाताओं की संख्या ३,४४,३५,२६० है। वहीं बंगाल में थर्ड जेंडर वोटर की संख्या १,३८२ ३८२ है। अब तक ६३,६६,९५२ १९५२ नाम हटाए गए गए हैं। ये या तो मृत हो गए हैं या फिर कहीं दूसरी जगह पर शिफ्ट हो चुके हैं।

इस संशोधन की सबसे बड़ी और विवादास्पद बात यह है कि ६०,०६,६७५ मतदाताओं के नाम अंतिम सूची में तो हैं, लेकिन उनके आगे विचाराधीन का मार्क लगा है।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले नवनिर्वाचित मेयर और अध्यक्ष

**राँची:** सीएम हेमंत सोरेन एवं वधायक कल्पना सोरेन से आज रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में गिरिडीह नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर प्रमिला मेहरा ने शिष्टाचार भेंट की। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने नव निर्वाचित महापौर को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। मुलाकात का माहौल सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक संवाद से भरा रहा। यह मुलाकात गिरिडीह शहर के विकास की नई उम्मीदों का संकेत भी बनी। राजधानी की इस मुलाकात में सम्मान, विश्वास और आने वाले



बेहतर शहरी भविष्य की झलक साफ नजर आई। उधर, बुंडू नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र उरांव और चक्रधरपुर नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सन्नी उरांव ने भी उट हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से आज शिष्टाचार भेंट की। नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री से मिलकर आभार जताया और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। इस खास अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार और विधायक विकास कुमार मुंडा भी मौजूद रहे, जिससे मुलाकात का महत्व और बढ़ गया।

# धनबाद मेयर प्रत्याशी की हार पर भाजपा में मंथन तेज, विधायक बोले– बैलेट पेपर और भ्रम बनी हार की वजह

**धनबादः** नगर निगम के मेयर पद पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार की हार के बाद पार्टी में मंथन का दौर शुरू हो गया है. धनबाद में एक सांसद और तीन विधायकों वाली पार्टी को मिली इस अप्रत्याशित हार के बाद नेताओं ने खुलकर अपनी प्रतिक्रिया दी है. पार्टी नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया, बैलेट पेपर से मतदान और मतदाताओं में भ्रम को हार की बड़ी वजह बताया है.

भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार ने कहा कि मेयर पद के लिए मैदान में उतरे कई प्रमुख उम्मीदवार किसी न किसी रूप में भाजपा पृष्ठभूमि से जुड़े रहे. इससे मतदाता भ्रमित हो गए कि अधिकृत प्रत्याशी कौन है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने बैलेट पेपर से मतदान को लेकर पर्याप्त जागरूकता अभियान नहीं चलाया. कई मतदाताओं ने बैलेट पेपर पर अंगूठा लगा दिया तो कई ने पार्षद पद पर वोट देने के बाद मेयर के गुलाबी बैलेट पेपर को बिना मुहर लगाए ही मतपेटी में डाल दिया. जिससे बड़ी संख्या में वोट रिजेक्ट हो गए. धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि चूंकि चुनाव दलीय आधार पर नहीं हुआ. इसलिए लोगों को लगा कि संजीव सिंह भी भाजपा से जुड़े रहे हैं और झरिया के विधायक भी रह चुके हैं, इसलिए वे भी पार्टी के ही उम्मीदवार हैं, इस भ्रम का सीधा असर वोटों पर पड़ा. उन्होंने यह भी कहा कि हाई कोर्ट के निर्देश और आंदोलन के बाद बिना पर्याप्त तैयारी के चुनाव कराया गया. मतदाता ईवीएम के अभ्यस्त हो चुके थे पर अचानक बैलेट पेपर से मतदान होने के कारण खासकर नई पीढ़ी के मतदाता भ्रमित हो गए और बड़ी संख्या में वोट अवैध घोषित हो गए.

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि निगम चुनाव में मेयर प्रताशी की हार को पार्टी गंभीरता से ले रही है. उन्होंने कहा कि एक सांसद और तीन विधायकों के बावजूद मेयर प्रत्याशी की हार के कारणों की समीक्षा की जाएगी और पार्टी स्तर पर मंथन की जाएगी.




## धनबाद के नवनिर्वाचित महापौर संजीव सिंह को विधायक राज सिन्हा सिंह मेंशन पहुँचकर दी बधाई











**धनबादः** धनबाद के लोकप्रिय विधायक राज सिन्हा जी ने धनबाद नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर संजीव सिंह जी के सिंह मेंशन स्थित आवास पर पहुँचकर पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा मुँह मीठा कराकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संजीव सिंह जी के नेतृत्व में धनबाद नगर निगम क्षेत्र विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा और शहर के सर्वांगीण विकास का एक नया अध्याय शुरू होगा। इस अवसर पर झरिया विधायक रागिनी सिंह जी, उमेश सिंह, शंभू सिंह, उमेश हेलीवाल, अमलेश सिंह, तमाल राय, मनोज मालाकार, टुन्नू यादव, लक्ष्मण मिश्रा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# धनबाद विधायक राज सिन्हा ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

















**धनबाद :** न्यू टाउन हॉल के प्रांगण में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में विधायक राज सिन्हा ने हर वर्ष के भाँती इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित की, जहाँ धनबाद के जनता जनार्दन के साथ मिलने जुलने का मौका मिलता है, यहाँ जम कर होली खेली कहा की देवतुल्य जनता–जनार्दन से स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। आप सभी का उत्साह, आत्मीयता और अपार प्रेम हृदय को भाव–विभोर कर गया।

रंगों के इस पावन पर्व पर आप सबके चेहरे की मुस्कान ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। आपका अटूट समर्थन और विश्वास ही मुझे निरंतर जनसेवा के पथ पर समर्पित भाव से आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। आइए, हम सब मिलकर अपने क्षेत्र को विकास, शांति और प्रगति के नए रंगों से सजाने का संकल्प लें। आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ।

रंगों की यह खुशियाँ आपके जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता लेकर आएँ।

## रघुवर नगर में भव्य पारिवारिक होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**धनबाद :**होली के पावन अवसर पर धनबाद के रघुवर नगर में भव्य पारिवारिक होली मिलन समारोहह्ल का आयोजन किया गया। इस दौरान मोहल्लेवासियों ने एकजुट होकर रंगों के इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक फाग गीतों से हुई, जिसमें ह्लहोली खेलें रघुवीरा अवध में...ह्व और ह्लआज बिरज में होरी रे रसिया...ह्व जैसे गीतों पर लोग झूमने को मजबूर हो गए। ढोलक और झाल की थाप पर बड़ों से लेकर बच्चों तक ने जमकर नृत्य किया।

समारोह में उपस्थित लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर गले मिला और प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष रूप से संगीत और पकवानों की व्यवस्था की गई थी। स्थानीय निवासियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का मौका मिलता है। शाम तक चले इस उत्सव में पूरा रघुवर नगर होली के रंगों और गीतों की मस्ती में सराबोर नजर आया। मौके पर इंटक के राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र प्रसाद अंबष्ठ, शलैंद्र राय, रंजीत सिंह, उमेश जायसावल, पंकज सिन्हा, संतोष सिन्हा, अरविंद मिश्रा, अवधेश सिंन्हा, बीआर सिंह, रामलखन प्रसाद, गौतम आचार्य, रामेश्वर राम, आशीष अंबष्ठ, शेलेश राय, अवधेश सिंह, योगेंद्र सिंह, दव-ेंद्र पाठक सहित कापी संख्या में महिला शामिल हुई।



# धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह




**धनबादः** ह्यधनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशनह्ल (उ्रब्ढळअ) द्वारा होटल हा-ईवे इन, गोविंदपुर रोड में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले भर से आए फोटोग्राफरों और वीडियोग्राफरों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।कार्यक्रम की शुरुआत संगठन के अध्यक्ष श्री सुनील कुमार सिंह के द्वारा सदस्यों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा कि साल भर शादियों और आयोजनों की आपाधापी में व्यस्त रहने वाले फोटोग्राफर साथियों के लिए यह दिन मानसिक सुकून और एकजुटता का प्रतीक है। एसोसिएशन का लक्ष्य केवल व्यावसायिक हित ही नहीं, बल्कि एक–दूसरे के सुख–दुख में साथ खड़ा होना भी है। इस दौरान पारंपरिक फगुआ गीतों और स्वादिष्ट व्यंजनों का सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में आगामी सत्र के लिए संगठन की मजबूती पर भी चर्चा की गई।

# धनबाद में बधाइयों का सिलसिला जारीः युवा मेयर संजीव सिंह को जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं ने दी शुभकामनाएँ

## धनबाद के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ करेंगे कार्य :मेयर संजीव सिंह



**धनबादः** नगर निगम चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद धनबाद के नए मेयर संज़ीव सिंह के आवास पर सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे समर्थकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएँ दीं तथा विकास के नए दौर की अपेक्षा जताई।

इस अवसर पर भाजपा झरिया विधायक एवं मेयर की धर्मपत्न ी रागिनी सिंह ने मिठाई खिलाकर उन्हें जीत की बधाई दी और कहा कि यह जीत धनबाद की जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने विश्वास जताया कि मेयर के रूप में संजीव सिंह शहर को नई दिशा देने का कार्य करेंगे।

वहीं धनबाद विधायक राज सिन्हा ने भी शिष्टाचार भेंट कर पुष्पगुच्छ अर्पित किया और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी व्यक्त की। इस दौरान मेयर संजीव सिंह ने भी उन्हें मिठाई खिलाकर आभार प्रकट किया। मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ एवं युवा नेताओं का आना–जाना लगा रहा।

मेयर संजीव सिंह का बयान

**मेयर संज़ीव सिंह ने कहा,:**यह जीत मेरी नहीं, धनबाद की जनता की जीत है। मैं सभी नागरिकों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। हमारा लक्ष्य धनबाद को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक नगर के रूप में विकसित करना है। आधारभूत संरचना, जल निकासी, सड़क, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम प्रशासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाते हुए विकास कार्यों को गति दी जाएगी तथा सभी वर्गों के साथ समन्वय बनाकर काम किया जाएगा।

**राजनीतिक परिप्रेक्ष्य और विश्लेषणः**
नगर निगम में मेयर पद पर संजीव सिंह की जीत को भाजपा के लिए महत्वपूर्ण राजनीतिक उपलब्धि माना जा रहा है। राज्य की राजनीतिक परिस्थितियों के बीच धनबाद जैसे औद्योगिक और राजनीतिक रूप से संवेदनशील जिले में भाजपा समर्थित नेतृत्व का स्थापित होना आगामी राजनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित कर सकता है। भाजपा के विधायकों – विशेषकर झरिया और धनबाद विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों – की सक्रिय उपस्थिति यह संकेत देती है कि पार्टी संगठन नगर निगम स्तर पर भी समन्वित रणनीति के तहत कार्य करना चाहता है। इससे विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में राज्य सरकार और नगर निगम के बीच तालमेल का मुद्दा भी महत्वपूर्ण रहेगा।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि मेयर संजीव सिंह अपने कार्यकाल में बुनियादी समस्याओं – जैसे जलभराव, सड़क, कचरा प्रबंधन और शहरी अव्यवस्था – पर ठोस पहल करते हैं, तो यह भाजपा के लिए जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ बनाने का अवसर सिद्ध हो सकता है।



**जनता की अपेक्षाएँः**इधनबाद, जो कोयलांचल की पहचान रखता है, लंबे समय से शहरी अवसंरचना और स्वच्छता से जुड़ी चुनौतियों से जूझता रहा है। ऐसे में नए मेयर से लोगों को तेज, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी प्रशासन की उम्मीद है। समर्थकों का कहना है कि युवा नेतृत्व और राजनीतिक अनुभव का संतुलन धनबाद को विकास की नई राह पर ले जा सकता है।

# उत्साह:वार्ड 26 के नव निर्वाचित पार्षद विकाश रंजन उर्फ़ पप्पू सिंह ने हजारों समर्थको के साथ आशीर्वाद यात्र निकाला










होली के साथ दिवाली भी साथ साथ मनाई

वार्ड 27 की पार्षद उम्मीदवार सह पत्नी रूपा सिंह भी मौजूद थी

15 साल के जीते हुए निर्मल मुखर्जी को 1500 के वोट अंतर से हराया

डिप्टी मेयर के रेस मे सबसे आगे

धनबाद : वार्ड 26 के नव निर्वाचित पार्षद विकाश रंजन उर्फ़ पप्पू सिंह ने आशीर्वाद यात्रा लें कर निकले जो पूरे 26 नंबर वार्ड मे भ्रमण कर लोगो का अभिवादन कर धन्यवाद दिया,साथ मे वार्ड 27 की उम्मीदवार रही पत्नी रूपा सिंह भी हजारों समर्थकों के साथ थी,


ज्ञात रहें नव निर्वाचित पार्षद विकाश रंजन उर्फ़ पप्पू सिंह ने लगातार 15 साल से जीत रहें पार्षद निर्मल मुखर्जी को करीब 1500 के विशाल अंतर से हार का रास्ता दिखाया है. पार्षद विकाश रंजन भी लगातार दो बार के प्रयास बाद जीत का स्वाद चखा है..

अपने आशीर्वाद यात्रा मे पार्षद पप्पू सिंह ने बताया की अब वार्ड मे घूसखोरी, दलाली आदि से निजात मिल गया है, जनता के लिए 24 घंटा दरवाजा खुला है, निगम से जुड़ा समस्या का समाधान सौ फिसीदी होगा.



# महापौर संजीव सिंह ने निर्वाचित होने के उपरांत झरिया विधायक रागिनी सिंह के साथ झरिया श्री खाटू श्याम धाम में आरती–पूजन किया





धनबाद : महापौर पद पर निर्वाचित होने के उपरांतसंजीव सिंह ने झरिया विधायक रागिनी सिंह के साथ झरिया स्थित श्री खाटू श्याम धाम में आरती–पूजन में शामिल होकर विधिवत दर्शन किए एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

# कायस्थ शिरोमणि सेवा ट्रस्ट परिवार धनबाद ने छात्रवृति वितरण सह होली मिलन कार्यक्रमआयोजन किया




**धनबाद :** पूर्व निर्धारित कायस्थ शिरोमणि सेवा ट्रस्ट परिवार धनबाद की ओर से ट्रस्ट के 07 वें जरूरतमंद परिवार के बच्चे बच्चियों को छात्रवृति वितरण ओर उन परिवार तथा मुख्य अतिथि धनबाद के लोकप्रिय विधायक श्री राज सिन्हा के साथ होली मिलन ओर छात्रवृति में सहयोग करने वाले को सम्मान भूली बी ब्लॉक सामुदायिक भवन में हरसोल्लास के साथ प्रकाश सिन्हा जी संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष के अध्यक्षता में किया गया,कार्यक्रम का शुभारम्भ ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव श्री अनुज सिन्हा ने स्वागत किये, स्वागत पर श्री रंजन श्रीवास्तव जी के द्वारा सभी का स्वागत गान से स्वागत किये, ततपश्चात विधायक जी सहित सभी उपस्थितों ने अपने आराध्य देव चित्रगुप्त के मंत्रोचार के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया.ज्ञात हो की वर्ष 2019 से 06 बच्चे से शुरुआत कर इस वर्ष ट्रस्ट ने कुल 17 बच्चे को चेक के द्वारा छात्रवृति राशि दी गईं, इस सात वर्षो में 06 बच्चे वर्ग 10 कर आगे की पढ़ाई में लग गए ट्रस्ट एल के जी से 10 तक के बच्चों को सहायता प्रदान करती आ रही है ,छात्रवृति उपरांत सभी सहयोगियों को मोमेंटो ओर अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया !उपस्थित महिला, पुरुष ओर बच्चे ने होली का भरपूर आनंद लिए !इस कार्यक्रम में विधायक श्री राज सिन्हा, प्रकाश सिन्हा/पुष्पा सिन्हा, रंजन श्रीवास्तव/पुष्पलता श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, शशि लाल/आशा वर्मा,बिनोद बिहारी प्रसाद सिन्हा / किरण सिन्हा,दुर्गेश सिन्हा, ललित सिन्हा,विजय श्रीवास्तव सह पत्नी, राजीव कंठ /सोनी प्रिया, सत्येंद्र श्रीवास्तव /हिमादरी श्रीवास्तव, विवेक लाला,संदीप सहाय सह पत्नी,प्रीतम सिन्हा, मनोज सिन्हा/सीमा सिन्हा,संदीप लाला,संजय कुमार सिन्हा,मंच का बिधिवत संचालन के लिए आदरणीय श्री रंजन श्रीवास्तव जी, श्री दुर्गेश सिन्हा जी, श्री राजीव कंठ जी प्रोग्राम सचिव के द्वारा किया गया, होली का आनंद के लिए, रंजन श्रीवास्तव,शशि लाल,दुर्गेश सिन्हा, राजीव कंठ, संजय सिन्हा, पुष्पलता श्रीवास्तव, सोनी प्रिया, आशा वर्मा, संजय सिन्हा, हिमादरी श्रीवास्तव सभी के द्वारा होली की रंगीन माहौल बनाये जो उपस्थितों ने पुरे डांस के साथ आनंद लिए! कार्यक्रम में सभी के अलावे शहर के कुछ गणमान्य और वो जरूरतमंद परिवार जिनके बच्चे को ट्रस्ट के द्वारा सहायता मिल रही है सभी के साथ नास्ता ओर दोपहर के भोजन कार्यक्रम किये उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा जी के द्वारा ट्रस्ट के अभी तक के विस्तार को बताते हुवे धन्यवाद देकर समाप्ति की घोषणा किये.

## शिवानी झा और एस के दास को आईओजी डॉ0 सत्योपाल अवार्डस से पुरस्कृत किया गया





**दिल्ली :** 'ली मेरिडीयन होटल जनपथ में प्रतिष्ठित चिकित्सक एस के दास और शिवानी झा को आईओजी डॉ० सत्योपाल अवार्डस से पुरस्कृत किया,जिसमें देश और विदेश के प्रतिष्ठित चिकित्सको का जमघट हुआ ॥ IOG Dr Satyopal Awards 2025 – 2026 के सेमिनार में पुरस्कृत और सम्मानित डॉक्टरो में ख्यातिनाम शख्स डॉक्टर नरेंद्र मल्होत्रा, डॉक्टर जयदीप मल्होत्रा,डॉक्टर ऋषिकेश पई सहित पूर्व वियाडा अध्यक्ष सह प्रसिद्ध समाजसेवी विजय झा आदि शामिल थे ।

# अल – इक़रा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गोविंदपुर में बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन









गोविंदपुर अल – इक़रा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गोविंदपुर में रविवार को ह्लबेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट विषय पर एक सृजनात्मक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डी.एल.एड., बी.एड. एवं एम.एड. सत्र 2025-27 के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला को दो भागों–भाग अ एवं भाग इ–में विभाजित किया गया। भाग अ में प्रशिक्षुओं ने व्यक्तिगत रूप से सहभागिता की, जबकि भाग इ में समूहिक कार्यशाला आयोजित की गई। दोनों ही भागों में प्रशिक्षु ओं ने अपशिष्ट सामग्री से एक से बढ़कर एक आकर्षक एवं उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट परिचय दिया।

कार्यशाला में निर्मित प्रमुख वस्तुओं में नारियल के छिलके से सुंदर नाइट लैम्प, अंडे के छिलके, कॉफी ग्लास, डिस्पोज़ेबल प्लेट एवं कटोरी से सजावटी वस्तुएँ, रंगीन चावल से भारत का मानचित्र, ईयरबड्स से फूल, कार्टन से डस्टबिन, पुरानी चूड़ियों से लटकन, पुराने प्लास्टिक कंटेनर से ग्रीन हाउस, कार्टन से प्रोजेक्टर, वेलवेट से स्लीपर, समाचार–पत्रों से गुलदस्ता, टिशू पेपर से आकर्षक फूल, प्राकृतिक परिवेश में घर का मॉडल, बादाम के छिलके से फोटो फ्रेम, अंडे के छिलके से फोटो फ्रेम तथा शीशे के टुकड़ों से सुंदर सीनरी आदि शामिल रहे।व्यक्तिगत श्रेणी (भाग अ) में उत्कृष्ट कार्य के लिए Tamanna, Ajmeri Khatun, Asutosh Kumar EUa Saleha Khatun को चयनित किया गया। समूहिक श्रेणी (भाग इ) में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु Mansi Kumari, Reena Marandi, Nikhat Parween, Khushi Parween, Nitu Minz, Taniya Kumari, Asfa Khatoon EUa Majharul Haque के कार्य विशेष रूप से सराहे गए। कार्यशाला के सफल संचालन एवं मार्गदर्शन में कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण एवं अपशिष्ट पुनर्चक्रण के प्रति जागरूकता विकसित करना था, जिसमें महाविद्यालय पूर्णतः सफल रहा। आयोजन की समस्त प्रतिभागियों एवं शिक्षकों द्वारा भूरि–भूरि प्रशंसा की